# बांग्लादेश चुनाव में हिंसा-विवाद के बीच 48% वोटिंग

### हसीना ने चुनाव को बताया फर्जी



**ढाका, 12 फरवरी। बांग्लादेश चुनाव में हिंसा-विवाद के बीच 48प्रतिशत वोटिंग के साथ मतदान संपन्न हो चुका है। वोटों की गिनती जारी है। मतदान के दौरान हिंसा और गड़बड़ी की घटनाएं सामने आईं, जिनमें झड़पों और बमबारी की घटनाएं शामिल हैं।**

36,000 मतदान केंद्रों पर लगभग 48प्रतिशत मतदान हुआ था, लेकिन चुनाव के दौरान हुए हंगामे ने इसे विवादित बना दिया है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने चुनाव को फर्जी बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि 11 फरवरी को सुबह से ही कई मतदान केंद्रों पर कब्जा किया गया और घातक घटनाएं हुईं। हसीना का कहना था कि यह चुनाव मतदाताओं के बिना और अवैध तरीके से कराए गए हैं।

### 9 सीटों के नतीजे, 8 पर बीएनपी आगे

बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव के लिए मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना जारी है। अब तक 299 में से 9 सीटों के नतीजे सामने आए हैं, जिनमें बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को बढ़त मिलती दिख रही है। शुरुआती परिणामों के अनुसार 9 में से 8 सीटों पर बीएनपी ने जीत दर्ज की है, जबकि जमात-ए-इस्लामी को 1 सीट मिली है। कुरिग्राम-4 संसदीय सीट से जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मुस्तफिजुर रहमान ने अनौपचारिक रूप से जीत हासिल की है, हालांकि आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है।

**हिंसक घटनाएं: वोटिंग के दौरान झड़पें और बमबारी**

मतदान के दौरान कई क्षेत्रों में हिंसा की घटनाएं सामने आईं। खुलना में जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच झड़प हुई, जिसमें एक बीएनपी नेता की मौत हो गई। गोपालगंज सदर और मुंशीगंज-3 क्षेत्र में बम फेंके गए, जिनसे तीन लोग घायल हो गए। इन घटनाओं ने चुनावी माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया।

### 7 मोर्चों पर सिमटा सत्ता संग्राम

बांग्लादेश में हो रहा मौजूदा आम चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक है। तीन दशक तक राजनीति पर हावी रही 'बेगमों की जंग' इस बार नजर नहीं आ रही है। अवामी लीग पर प्रतिबंध और शेख हसीना की गैरमौजूदगी ने चुनावी तस्वीर बदल दी है। बीएनपी-जमात की सक्रियता, बढ़ती हिंसा, अल्पसंख्यक सुरक्षा, युवाओं की भूमिका सात बड़े कारक इस बार सत्ता की दिशा तय करते दिख रहे हैं। बांग्लादेश का मौजूदा आम चुनाव पारंपरिक राजनीतिक ढांचे से अलग नजर आ रहा है.

# तरक्की में वेटरनरी डॉक्टरों की अहम भूमिका



**मुंबई, 12 फरवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि भारत की आर्थिक तरक्की में पशु चिकित्सकों की अहम भूमिका है और उन्होंने उनसे पारंपरिक जिम्मेदारियों से आगे बढ़कर अपना नजरिया बड़ा करने की अपील की.**

इंडियन सोसाइटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ कैनाइन प्रैक्टिस और महाराष्ट्र एनिमल एंड फिशरी साइंसेज यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित परिचर्चा में भागवत ने कहा कि इंसानों, पशुओं और प्रकृति को मिलजुलकर रहना चाहिए. उन्होंने समाज से साथ रहने को पक्का करने पर गंभीरता से सोचने की अपील की. मोहन भागवत ने कहा कि पहले, हम सोचते थे कि पशुओं के चिकित्सकों की भूमिका सीमित है, लेकिन हमें अपने लिए एक बड़ी तस्वीर और एक बड़ी भूमिका की कल्पना करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पशुओं के चिकित्सक न केवल पशुओं के विशेषज्ञ हैं, बल्कि समाज और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में भी अहम योगदान देते हैं. आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का जिक्र करते हुए, उन्होंने समर्थन और विरोध दोनों में बहुत ज्यादा प्रतिक्रियाओं का जिक्र किया, और विवादित मुद्दों को सुलझाने के लिए दूसरे तरीके खोजने का सुझाव दिया। पिछले साल नवंबर में, कोर्ट ने एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन, हॉस्पिटल और रेलवे स्टेशन जैसी जगहों पर कुत्तों के काटने की घटनाओं में खतरनाक बढ़ोतरी का हवाला देते हुए, आवारा कुत्तों को स्टरलाइज और वैक्सीनेशन के बाद तय शेल्टर में भेजने का निर्देश दिया था। भागवत ने एक अलग नेशनल वेटरनरी काउंसिल की भी मांग की, और कहा कि कोई भी फील्ड तभी आगे बढ़ता है जब उसे डोमेन एक्सपर्ट गाइड और रेगुलेट करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि वेटरनरी प्रोफेशनल्स को भी ऐसी ही पहचान और ऑटोनॉमी मिलेगी.

## एक नजर में



### विदेशी दबाव में आकर किये गये समझौते देशहित के खिलाफ: खरगे

**नई दिल्ली, 12 फरवरी.** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए कहा है कि विदेशी दबाव में आकर किये गये समझौते देशहित के खिलाफ हैं और सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। श्री खरगे ने नये श्रम कानूनों और मनरेगा को कमजोर करने के आरोपों को लेकर मोदी सरकार की आलोचना करते हुए गुरुवार को कहा कि देशभर में ट्रेड यूनियन, किसान और मजदूर सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। सरकार की नीतियां करोड़ों मेहनतकश किसानों, मजदूरों और श्रमिकों के भविष्य को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी दबाव में आकर किये गये समझौते देशहित के खिलाफ हैं और इससे आम नागरिकों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छोटे व्यापारी, कामगार और आम जनमानस इस कथित जन-विरोधी डील का सबसे ज्यादा विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से किसानों और मजदूरों के हितों की रक्षा करने की मांग भी की।

### कार से लोगों को रौंदने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर 12 फरवरी.** उत्तर प्रदेश में कानपुर नगर के ग्वालटोली क्षेत्र में लैम्बोर्गिनी कार से तीन लोगों को रौंदने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल श्रीवास्तव ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी शिवम मिश्रा की गिरफ्तारी के लिये पुलिस की पांच टीमें लगी हुयी थी। आज सुबह सूचना प्राप्त हुई कि शिवम मिश्रा कानपुर आया हुआ है। इस सूचना पर टीमें सक्रिय हुई और आरोपी शिवम मिश्रा को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गौरतलब है कि पिछली आठ फरवरी को तंबाकू कारोबारी के पुत्र शिवम मिश्रा ने क्षेत्र में लैम्बोर्गिनी कार से तीन लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में घायल एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। घटना के बाद शिवम फरार हो गया था। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में थाना प्रभारी ग्वालटोली संतोष गौड़ को लाइनहाजिर कर दिया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शिवम आत्मसमर्पण की तैयारी में है मगर उससे पहले उसे धर दबोचा गया। उन्होने बताया कि इस मामले में रविवार देर रात वाहन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी थी जबकि मंगलवार को आरोपी के पिता कारोबारी केके मिश्रा ने पुलिस के समक्ष पेश होकर कहा था कि उनका पुत्र बेकसूर है और दिल्ली में इलाज कराने गया है। कानपुर आने पर वह पुलिस के सामने पेश होगा।

### हत्या के प्रयास के आरोप में दो युवकों को सजा

**रायपुर, 12 फरवरी.** छत्तीसगढ़ में रायपुर की एक अदालत ने अपने मित्र को ट्रेन के सामने धकेलकर उसकी जान लेने की कोशिश करने वाले दो युवकों को आज दोषी करार देते हुए उन्हें दस-दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने पीड़ित को मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को भी अनुशंसा भेजी है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश दिग्विजय सिंह की अदालत में हुई। खमतराई थाना पुलिस द्वारा प्रस्तुत केस डायरी, साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपियों अशोक मंडल (32) और ईश्वर सागर (25) को हत्या के प्रयास के अपराध में दोषी पाया। घटना 16 सितंबर 2022 की रात लगभग 11 बजे गणेश नगर स्थित रेलवे पटरी के समीप की है। अभियोजन पक्ष के अनुसार पैसों के विवाद को लेकर दोनों आरोपियों ने अपने मित्र राहुल साहू को चलती ट्रेन की ओर धक्का दे दिया। इस गंभीर घटना में राहुल बुरी तरह घायल हो गया और ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक पैर कट गया। घायल को तत्काल अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों को उसका पैर घुटने के ऊपर तक काटना पड़ा। लंबे समय तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत दोषसिद्ध कर सजा सुनाई न्यायालय ने अपने आदेश में पीड़ित के पुनर्वास और उपचार को ध्यान में रखते हुए मुआवजा प्रदान करने की अनुशंसा भी की है.

# भारतीय नौसेना ने पहली बार टास्क फोर्स की कमान संभाली





**नई दिल्ली 12 फरवरी। भारतीय नौसेना ने बहुराष्ट्रीय संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के अंतर्गत बहुराष्ट्रीय संयुक्त टास्क फोर्स (सीटीएफ) 154 की कमान संभाल ली है.**

नौसेना ने गुरुवार को बताया कि बहरीन के मनामा स्थित सीएमएफ के मुख्यालय में एक समारोह में भारतीय नौसेना ने बुधवार को टास्क फोर्स की कमान संभाली। समारोह की अध्यक्षता अमेरिकी नौसेना के वाइस एडमिरल कर्ट ए. रेनशॉ ने की। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के डिप्टी चीफ ऑफ नेवल स्टाफ वाइस एडमिरल तरुण सोबती तथा अन्य सदस्य देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। भारतीय नौसेना के कमोडोर मिलिंद एम. मोकाशी, शौर्य चक्र ने इतालवी नौसेना के निवर्तमान कमांडर से सीटीएफ 154 की कमान औपचारिक रूप से संभाली। सीटीएफ 154 विशेष रूप से सीएमएफ के सदस्य देशों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण पर केंद्रित है। यह क्षेत्र में भारत की पेशेवर विशेषज्ञता, संचालन अनुभव और 47 सदस्य देशों के बीच एक पसंदीदा सुरक्षा साझेदार के रूप में उसकी भूमिका पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। सीटीएफ 154 की स्थापना मई 2023 में की गयी थी और इसका उद्देश्य पश्चिम एशिया और आगे के क्षेत्र में बहुराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच मुख्य स्तंभों समुद्री क्षेत्र जागरूकता, समुद्री कानून , समुद्री अवरोधन अभियान, समुद्री बचाव और सहायता, तथा नेतृत्व विकास पर आधारित है। यह टास्क फोर्स नियमित समुद्री सुरक्षा उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम, कम्पास रोज और नॉर्दर्न/सदर्न रेडीनेस जैसे अभ्यास, तथा साझेदार देशों की परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए संपर्क कार्यक्रम आयोजित करती है, जिससे अवैध तस्करी, समुद्री डकैती और अनियमित प्रवासन जैसे साझा खतरों का मुकाबला किया जा सके। सीटीएफ 154 का संचालन सीएमएफ की अन्य टास्क फोर्स—सीटीएफ 150 (समुद्री सुरक्षा), सीटीएफ 151 (समुद्री डकैती निरोध), सीटीएफ 152 (अरब खाड़ी में समुद्री सुरक्षा) और सीटीएफ 153 (लाल सागर में समुद्री सुरक्षा)—के साथ किया जाता है। भारतीय नौसेना ने एक सफल कार्यकाल की उम्मीद जतायी है कार्यक्रमों को लागू करते हुए शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए वैश्विक समुद्री साझेदारियों को सुदृढ़ किया जाएगा.

# हवाई अड्डे का उपयोग रक्षा उद्देश्यों में करने पर चिंता जताई



**नई दिल्ली, 12 फरवरी. पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्विटर (एक्स) पर केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा डाबोलिम हवाईअड्डे को पूरी तरह रक्षा उद्देश्यों के लिए परिवर्तित किए जाने की कथित योजना पर चिंता जताई है.**

उन्होंने कहा कि दक्षिण गोवा के लिए डाबोलिम केवल एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि जीवन रेखा है। पर्यटन, व्यापार, चिकित्सा आपात स्थितियों और स्थानीय रोजगार का बड़ा हिस्सा इसी हवाईअड्डे पर निर्भर करता है। केजरीवाल ने लिखा कि यदि डाबोलिम को पूर्णतः सैन्य उपयोग में बदल दिया गया तो इसका सीधा असर आम लोगों, छोटे कारोबारियों, टैक्सी संचालकों, होटल उद्योग और हजारों परिवारों की आजीविका पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के शुरू होने के बावजूद डाबोलिम की नागरिक उपयोगिता और भौगोलिक सुविधा दक्षिण गोवा के लिए आज भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर दिया कि बिना व्यापक जनसंवाद और स्थानीय हितों को ध्यान में रखे कोई भी फैसला स्वीकार्य नहीं होगा.

# पायलट ने जानबूझकर बंद किए थे इंजन के फ्यूल कंट्रोल स्विच

- **अहमदाबाद विमान हादसे का मामला**
- **241 पैसेंजर समेत 260 लोगों की गई थी जान**



**अहमदाबाद, 12 फरवरी. 12 जून 2025 को अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के क्रैश की जांच अभी जारी है, लेकिन इटली के एक अखबार ने इस हादसे में अपनी रिपोर्ट जारी की है.**

रिपोर्ट में यह दावा किया है कि यह हादसा किसी टेक्निकल खराबी की वजह से नहीं हुआ था, बल्कि जानबूझकर इंजन के फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद किए गए थे. नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच हुई बातचीत के हवाले से अखबार ने इस हादसे के लिए पायलट सुमित सभरवाल की ओर इशारा किया है.

पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ सेकेंड बाद ही एयर इंडिया की फ्लाइट 171 दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी.

### भारतीय तटरक्षक बल को मिलेंगे आठ डोर्नियर 228 विमान

**नई दिल्ली, 12 फरवरी.** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए आठ डोर्नियर 228 विमानों की खरीद के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 2,312 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि यह अनुबंध बाय (इंडियन) श्रेणी के अंतर्गत किया है और इसमें संचालन भूमिका संबंधी उपकरण की खरीद भी शामिल है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर यहां एचएएल के ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन, कानपुर के साथ हस्ताक्षर किये गये.

# राष्ट्रपति सिल्वा 18 से 22 तक भारत की यात्रा पर



**नई दिल्ली, 12 फरवरी। ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर 18 से 22 फरवरी तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे.**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा, राष्ट्रपति लूला 19 से 20 फरवरी के बीच दिल्ली में आयोजित होने वाले दूसरे एआई सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

भारत और ब्राजील के बीच द्विपक्षीय वार्ता का मुख्य दिन 21 फरवरी होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री सिल्वा की मेजबानी करेंगी और उपराष्ट्रपति तथा कुछ अन्य गणमान्य व्यक्ति उनसे मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति लूला के साथ एक मंत्रिस्तरीय और व्यापारी प्रतिनिधिमंडल भी होगा। प्रतिनिधिमंडल के साथ जुड़ने के लिये कई आयोजनों की योजना बनायी गयी है, जिससे भारत-ब्राज़ील के आर्थिक, तकनीकी और रणनीतिक रिश्ते और मज़बूत होंगे.

### जालौन में उपखनिजों के अवैध खनन पर सख्ती

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में उपखनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए 433 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इस दौरान 493 ऑनलाइन चालान जारी कर 2,54,53,960 रुपये की वसूली निर्धारित की गई, जो वर्तमान में लंबित है. गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ अवैध खनन की जनपदवार प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि झांसी के 91 वाहनों पर 47.98 लाख रुपये, जालौन के 72 वाहनों पर 38.73 लाख रुपये, कानपुर देहात के 33 वाहनों पर 20.31 लाख रुपये तथा इटावा के 29 वाहनों पर 19.09 लाख रुपये बकाया हैं।

# 10 करोड़ की फिरौती मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी विकास नरेला के बैंकर गांव का रहने वाला



**नई दिल्ली, 12 फरवरी। दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में खुद को हिमांशु भाऊ गिरोह का सदस्य बताकर लगभग 10 करोड़ रुपये की संपत्ति की उगाही करने के आरोप में 32 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. यह जानकारी एक अधिकारी ने गुरुवार को दी.**

उन्होंने बताया कि आरोपी विकास नरेला के बैंकर गांव का रहने वाला है और उसे जिले के ऑटो चोरी विरोधी दस्ते (एएटीएस) ने चार फरवरी को गिरफ्तार किया था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर पश्चिम) भीष्म सिंह ने कहा-उसने खुद को एक गिरोह का सदस्य बताकर शिकायतकर्ता को धमकाया ताकि उससे रोहिणी के सेक्टर 23 में स्थित एक भूखंड का स्वामित्व हस्तांतरित करवा सके। यह मामला तब सामने आया जब अशोक विहार निवासी रजत गुप्ता ने 26 नवंबर, 2025 को पुलिस से संपर्क किया और आरोप लगाया कि उसे हिमांशु भाऊ गिरोह का सदस्य होने का दावा करने वाले एक अज्ञात कॉलर से अंतरराष्ट्रीय व्हाट्सएप कॉल द्वारा बार-बार धमकियां मिल रही थीं। पुलिस के अनुसार फोन करने वाले ने कथित रूप से उस संपत्ति के हस्तांतरण की मांग की जिसे गुप्ता की पत्नी और साली ने जून 2022 में खरीदा था।

अशोक विहार पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उसी संपत्ति को लेकर एक अलग स्वामित्व विवाद पहले से ही बेगमपुर पुलिस थाने में दर्ज था, जिससे पता चलता है कि आरोपी ने आपराधिक लाभ प्राप्त करने के लिए नागरिक विवाद का फायदा उठाने की कोशिश की।

जांचकर्ताओं ने विकास का पता लगाने के लिए तकनीकी निगरानी और जमीनी खुफिया जानकारी का इस्तेमाल किया और बाद में उसे पकड़ लिया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया-पूछताछ के दौरान उसने कथित रूप से स्वीकार किया कि अन्य तरीकों से संपत्ति हासिल करने में विफल रहने के बाद उसने नितिन डबास सहित अपने साथियों के साथ मिलकर किराए के फर्जी लोगों के माध्यम से धमकियां देने की साजिश रची। आईफोन बरामद कर उसे जब्त कर लिया है। अन्य सह-आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए आगे की जांच चल रही है.

## आज का इतिहास

- **1856 –** ईस्ट इंडिया कंपनी ने लखनऊ के साथ अवध पर भी कब्जा जमाया।
- **1879 –** सरोजनी नायडू का जन्म। उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।
- **1911 –** महान क्रांतिकारी और रूमानी शायर फैज अहमद फैज का जन्म
- **1945 –** भारतीय सिनेमा के अभिनेता विनोद मेहरा का जन्म।
- **1959 –** बार्बी डॉल की बिक्री शुरू हुई और देखते ही देखते यह दुबली पतली सुंदर सी गुड़िया दुनियाभर की लड़कियों की पहली पसंद बन गई।

**कार्यक्रम** | आईएआरआई के 364वां दीक्षांत समारोह 470 छात्रों को मिलेगी डिग्री

# कृषि नवाचार को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान : शिवराज





**नई दिल्ली, 12 फरवरी. आईसीएआर- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली का 64वां दीक्षांत समारोह 13 फरवरी 2026 को आयोजित किया जा रहा है.**

मुख्य दीक्षांत कार्यक्रम में विभिन्न संकायों के स्नातक, परास्नातक और पीएच.डी. विद्यार्थियों को डिग्रियां और मेडल प्रदान किए जाएंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 13 फरवरी को होने वाले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और नवाचार कर रहे युवा कृषि वैज्ञानिकों को संबोधित करेंगे और उन्हें देश के कृषि एवं ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के लिए प्रेरित करेंगे।

दीक्षांत समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी और श्री रामनाथ ठाकुर की गरिमामय उपस्थिति भी रहेगी, जो कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन करेंगे तथा सरकार की प्राथमिकताओं को साझा करेंगे। इसी क्रम में आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट तथा आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी एच श्रीनिवास राव संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डालेंगे.

### मोदी पर ट्रंप के वीडियो पर उचित कार्रवाई करेगा भारत: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली 12 फरवरी.** विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संबंधित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस वीडियो से अनभिज्ञता जतायी है जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति यह कहते सुने जा सकते हैं कि वह पीएम मोदी का राजनीतिक करियर बर्बाद नहीं करना चाहते लेकिन साथ ही कहा है कि अगर ऐसा वीडियो है तो उस पर उचित कार्रवाई की जायेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरुवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा , आप जिस वीडियो की बात कर रहे हैं, मैंने उसे नहीं देखा है। यदि इस प्रकार का कोई वीडियो है, चाहे वह सही हो या गलत, हम उस पर उचित कार्रवाई करेंगे.

# पीएम मोदी को कांग्रेस सांसदों ने धमकाया

- **लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के चैंबर में घूसे कई सांसद**



**नई दिल्ली, 12 फरवरी . केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस सांसदों का एक और वीडियो जारी किया है. किरेन रिजिजू ने गुरुवार को आरोप लगाया कि संसद में विपक्ष और सरकार के बीच हाल ही में हुए टकराव के दौरान कांग्रेस सांसदों का एक बड़ा ग्रुप लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के चैंबर में घुस गया.**

जहां उन्होंने उन्हें गालियां दीं और पीएम मोदी को धमकाया. केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने इस घटना का एक वीडियो भी शेयर किया है. किरेन रिजिजू ने इस वीडियो के जरिए कांग्रेस को घेरा है. इस वीडियो के बारे में उन्होंने दावा किया कि इसे गैर-कानूनी तरीके से रिकॉर्ड किया गया था, जिससे संसद में तनावपूर्ण कार्यवाही जारी रहने के बीच एक नया राजनीतिक मुद्दा बन गया है. किरिन रिजिजू ने वीडियो जारी करते हुए लिखा, 'यह एक गैर-कानूनी वीडियो क्लिप है, जिसे एक कांग्रेस सांसदों ने तब बनाया था, जब 20-25 कांग्रेस सांसद माननीय स्पीकर के चैंबर में घुसे, उन्हें गालियां दीं.

प्रधानमंत्री को धमकाया. हमारी पार्टी बहस और चर्चा में विश्वास करती है और कभी भी सांसद को मारपीट करने के लिए बढ़ावा नहीं देती.' इससे एक दिन पहले यानी बुधवार भी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया था. उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के साथ अभद्र व्यवहार किया. इसका उन्होंने एक नया वीडियो जारी किया है. उन्होंने कहा कि विपक्ष सदन के अंदर स्पीकर के निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन करता है.